VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI
(Academic Session 2026-27)

Date: ________ Class: III Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2LHindi
Name: ____ Worksheet: Ch-1,2

कविता १ देश हमारा

❖ **संक्षेप में प्रश्नों के उत्तर -**

i. किसकी अविरल धारा बहती रहती है?

उ. सुख की अविरल धारा बहती रहती है।

ii. फूलों की क्यारी कब खिल जाती है?

उ. जब पुरवाई बहती है तब फूलों की क्यारी खिल जाती है।

iii. 'चलते रहो' कौन कहता है?

उ. नदियाँ और झरने लगातार बहते हुए सभी को जीवन के रास्ते पर 'चलते रहो' कहते हैं।

❖ **विस्तार से प्रश्नों के उत्तर -**

i. सूरज धरती पर सोना कैसे बरसाता है?

उ. जब सूरज उदय होता है और अपनी सुनहरी किरणें धरती पर बिखराता है। जिससे फल-फूल, फ़सलें आदि विकसित होती है और हम धन-धान्य से खुशहाल हो जाते हैं। इस प्रकार सूरज धरती पर सोना बरसाता है।

ii. पुरवाई किसे कहते हैं?

उ. पूरब दिशा से बहने वाली हवा को पुरवाई कहते हैं।

iii. तितली राजदुलारी कब बन जाती है?

उ. जब पुरवाई बहती है तो क्यारियों में फूल खिल जाते हैं और तितलियाँ उन फूलों पर इठलाती हुई मँडराती रहती हैं तब वह राजदुलारी बन जाती हैं यानी बहुत प्यारी लगती है।

iv. हिम के शिखर क्यों चमकते हैं?

उ. शिखरों पर पड़ी बरफ़ पर सूरज की किरणें पड़ने के कारण हिम के शिखर चमकते हैं।

पाठ-२ छोटी चींटी की बड़ी दावत

❖ **संक्षेप में प्रश्नों के उत्तर -**

i. पानी नहीं बरसने पर कैसी स्थिति आ जाती है?

उ. पानी नहीं बरसने पर अकाल की स्थिति आ जाती है।

ii. छोटी चींटी कहाँ से सबकी बातें सुन रही थी?

उ. छोटी चींटी कोने में खड़ी होकर सबकी बातें सुन रही थी।

iii. बरसते बादल को देखकर सब क्या करने लगे?

उ. बरसते बादल को देखकर सभी जानवर खुशी से नाचने और गाने लगे।

❖ **विस्तार से प्रश्नों के उत्तर -**

i. सभी जानवर शेर के पास क्यों गए?

उ. सभी जानवर अकाल पड़ने के कारण भूख-प्यास से बेहाल हो रहे थे इसलिए वे मदद माँगने के लिए शेर के पास गए।

ii. साँप ने शेर से क्या कहा?

उ. साँप ने शेर से कहा कि जमीन के नीचे खाने-पीने की बहुत-सी चीजें हैं पर उन्हें बाहर कैसे लाया जाए इसका कोई उपाय नहीं है।

iii. हाथी, बंदर और अन्य जानवर चींटी पर क्यों गुस्सा हो गए?

उ. जब चींटी, शेर और बाकी जानवरों को समझा रही थी कि बुरे दिनों के लिए सभी को थोड़ा-बहुत ज़रूरत का सामान बचाकर रखना चाहिए, तब चींटी की यह बात सुनकर हाथी, बंदर और अन्य जानवर उनपर गुस्सा हो गए।

iv. क्या देखकर जानवरों की आँखें फटी-की-फटी रह गई?

उ. चींटियों द्वारा लाए गए खाने की चीज़ों के ढेर को देखकर सभी जानवरों की आँखें फटी-की-फटी रह गई।